संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–राज एक्सप्रेस–पृष्ठ 05 दिनांक 23/04/2021

# राजेन्द्र सिंह गेहलोत एक वेतनवृद्धी असंचयी प्रभाव से रोकी

रतलाम। स्वास्थ्य विभाग के सहायक वर्ग 3 श्री राजेन्द्र सिंह गेहलोत द्वारा दरोगा मोहसीन-इब्राहिम को आरोप पत्र देरी से देने पर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने श्री गेहलोत 1 वेतनवृद्धि असंचयी प्रभाव से रोके जाने के निर्देश दिये। 21 5
23-4

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–पत्रिका–––पृष्ठ 10 दिनांक 23/04/2021

पिछले माह के मुकाबले एयर इंडेक्स खराब हुआ

# लॉकडाउन के बाद भी प्रदूषण जारी

रतलाम. इस समय कोरोना वायरस के संक्रमण को रोकने के लिए लॉकडाउन लगा हुआ है व जरूरी सेवाओं को छोड़कर शेष बाहर निकलने पर रोक है। इसके बाद भी शहर का एयर इंडेक्स याने की वायु प्रदुषण पिछले माह के मुकाबले खराब ही है। गुरुवार शाम को 4 बजे शहर का इंडेक्स 113 था, जबकि दोपहर में यही बढ़कर 121 तक पहुंच गया था।

केन्द्रीय प्रदुषण नियंत्रण बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध आंकड़ों को देखा जाए तो मार्च माह के मुकाबले अप्रेलल में लॉकडाउन होने के बाद भी वायु प्रदुषण कम होने का नाम नहीं ले रहा है। एक्यूआई 15 अप्रेल को 94 से दर्ज होते हुए 22 अप्रेल को 113 तक पहुंच गया था। अप्रेल माह की बात करें तो इस माह सबसे अधिक वायु प्रदुषण 1 अप्रेल को 166 एक्यूआई रहा, जबकि पूरे माह अब तक 110 से उपर ही रहा है। जबकि मार्च माह की बात करें तो 13 मार्च को 101 रहा जबकि अप्रेल में इसी तारीख को बढ़कर 128 हो गया था।

लॉकडाउन के दौरान भी आमजन का बाहर लगातार अपने वाहन के साथ निकलना रतलाम में एयर इंडेक्स को खराब करने की एक बड़ी वजह है। इसके अलावा शहर में कचरों को जलाना अब तक बंद नहीं हुआ है। – **ललिता शर्मा**, वैज्ञानिक, प्रदुषण नियंत्रण बोर्ड



cpcb

**Madhya Pradesh**

Ratlam,Shasthri Nagar, Ratlam - IPCA Lab

Mar - 2021

| M | T | W | T | F | S | S |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 NA | 2 NA | 3 NA | 4 NA | 5 NA | 6 NA | 7 NA |
| 8 NA | 9 NA | 10 NA | 11 NA | 12 NA | 13 101 | 14 107 |
| 15 NA | 16 NA | 17 144 | 18 165 | 19 101 | 20 114 | 21 117 |
| 22 128 | 23 131 | 24 130 | 25 142 | 26 120 | 27 140 | 28 121 |
| 29 119 | 30 118 | 31 145 | | | | |

cpcb

**Madhya Pradesh**

Ratlam,Shasthri Nagar, Ratlam - IPCA Lab

Apr - 2021

| M | T | W | T | F | S | S |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 166 | 2 159 | 3 119 | 4 113 |
| 5 118 | 6 123 | 7 116 | 8 163 | 9 147 | 10 134 | 11 118 |
| 12 126 | 13 128 | 14 125 | 15 94 | 16 110 | 17 113 | 18 120 |
| 19 120 | 20 109 | 21 119 | 22 113 | 23 NA | 24 NA | 25 NA |
| 26 NA | 27 NA | 28 NA | 29 NA | 30 NA | | |

संकलनः–नगर निगम, रतलाम अखबार–नईदुनिया–पृष्ठ 14...दिनांक 23/04/2021

# मेडिकल कालेज लैब में लगेगी एक और कोरोना टेस्टिंग मशीन

## बढ़ेगी क्षमता : एक दिन में हो सकेगी 1000 सैंपल की जांच, संक्रमितों का उपचार करने में मिलेगी मदद

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। शासकीय मेडिकल कालेज की कोरोना टेस्टिंग लैब में जल्दी एक और आरएनए एक्सट्रेशन मशीन लगेगी। इसकी मदद से मदद से कोविड-19 के सैंपल की जांच क्षमता अधिक हो जाएगी। अभी एक मशीन से 24 घंटे में 500 सैंपल की जांच हो रही हो रही है, जो बढ़कर 1000 तक हो जाएगी।

मेडिकल कालेज के डीन डा. जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि आरएनए एक्सट्रेशन मशीन की स्वीकृति मिल गई है और जल्दी आ जाएगी। शासन स्तर से यह मशीन उपलब्ध कराई जा रही है। इसके माध्यम से कोरोना सैंपल से आरएनए निकाला जाता है। दो मशीन होने से सैंपलिंग की संख्या दोगुनी हो जाएगी।



### आज सात केंद्रों पर टीकाकरण किया जाएगा



कोरोना का टीका लगाती हुई संगीता बाफना। • नईदुनिया

जिले में शुक्रवार को बाल चिकित्सालय रतलाम पर टीकाकरण किया जाएगा। पुराना कलेक्टोरेट परिसर में फ्रंटलाईन वर्कर को कोवैक्सीन का दूसरा डोज लगाया जाएगा। प्राइवेट अस्पताल श्रद्धा हास्पिटल, आरोग्यम, गीतादेवी, साईं श्री, जैन दिवाकर में टीकाकरण सशुल्क कराया जा सकेगा।



शासकीय अस्पताल में कोरोना का टीका लगवाती हुई महिला। • नईदुनिया

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार राज एक्सप्रेस पृष्ठ 09 दिनांक 23/04/2021




# नगर के विभिन्न क्षेत्रों को फायर लॉरी से किया सेनेटाइज

रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क

रतलाम नगर के नागरिकों को कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाने हेतु जिला कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम गोपालचन्द डाड के निर्देशानुसार निगम के विभिन्न वाहनों के माध्यम से सोडियम हाईपोक्लोराईड से सेनेटराईज किया जा रहा है साथ ही माईक्रो कन्टेनमेंट क्षेत्रों में भी हैण्ड मशीन से सेनेटाईजेशन किया जा रहा है।

# कोरोना संक्रमण रोकने के लिए नगर निगम कर रहा सैनेटाइजेशन कार्य



रतलाम @ पत्रिका. शहर में कोरोना के संक्रमण को रोकने के लिए नगर निगम द्वारा दमकल सहित हैंड मशीन से सैनिटाईजेशन कार्य जारी है। गुरुवार को शहर के पत्रकार कॉलोनी, श्रीमालीवास, नाहरपुरा, माणकचौक सहित कई क्षेत्रों में दवाई का छिड़काव किया गया। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि सैनिटाईजेशन का कार्य जारी रहेगा।

# फायर लारी और ट्रैक्टर-ट्राली से कर रहे सैनिटाइज



सज्जन मिल रोड क्षेत्र में फायर लारी से सैनिटाइजेशन करते हुए निगमकर्मी। ● नईदुनिया

रतलाम। नगर निगम द्वारा प्रतिदिन फायर लारी व ट्रैक्टर-ट्राली से शहर के विभिन्न क्षेत्रों की सड़कों, गलियों, भवन आदि को एक प्रतिशत सोडियम हाईपोक्लोराइड मिलाकर एक लाख लीटर पानी से सैनिटाइजेशन किया जा रहा है। 21 व 22 अप्रैल को फायर लारी से कालिका माता परिसर, छत्रीपुल, वरदान नगर, राजस्व कालोनी, इंदिरा नगर, राम मंदिर रोड, दिलीप नगर, राम मंदिर सब्जी मंडी क्षेत्र, जवाहर नगर ए व बी कालोनी, नयागांव-राजगढ़, महेश नगर सहित नगर के विभिन्न क्षेत्रों में सैनिटाइजेशन किया गया। इसके अलावा 14 व्यक्तियों की टीम द्वारा हैंड मशीन के माध्यम से मेडिकल कालेज, माइक्रो कंटेनमेंट क्षेत्र, कलेक्टोरेट, ई-दक्ष कार्यालय, नगर निगम कार्यालय सहित शासकीय कार्यालयों आदि में सैनिटाइजेशन का कार्य किया गया।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार- दै. भास्कर --पृष्ठ 13 ...दिनांक 23/04/2021




# 18+ वाले जिले में 9 लाख से ज्यादा युवा, जन्म तारीख या वार के हिसाब से होगा वैक्सीनेशन इसकी अब तक प्लानिंग नहीं, इंतजार भोपाल से आदेश का


## अब तक का सबसे बड़ा टीकाकरण, स्टाफ की इयूटी लगाना सबसे बड़ी मशक्कत, अब तक 14 एएनएम और 1 सुपरवाइजर के भरोसे शहर में लगी वैक्सीन

भास्कर संवाददाता | रतलाम

1 मई से 18 साल से ज्यादा उम्र के लोगों को टीका लगना है। अभी सिर्फ ये सूचना आपके पास है, अधिकारियों के पास भी सिर्फ ये ही सूचना है। शहर में टीकाकरण कैसे होगा, इंतजाम क्या रहेगा, इसकी कोई प्लानिंग जिला स्तर पर तय नहीं है। अधिकारी भोपाल से आदेश मिलने का इंतजार कर रहे है। अधिकारियों-कर्मचारियों के मुताबिक हमारे जिले में 9 लाख से ज्यादा लोग 18 साल से ज्यादा उम्र के दायरे में हैं। जो कि, अब तक की सबसे बड़ी संख्या है।

जिले में अभी 45 साल से ज्यादा उम्र के लोगों को टीका लग रहा है। 1.33 लाख लोगों को वैक्सीन लग चुकी है। टारगेट के मुताबिक 45-59 साल के 1.89% और 60 से ज्यादा उम्र के 10.24% लोगों को ही टीका लगा है। इधर, अब 1 मई से 18 साल से ज्यादा उम्र के लोगों को वैक्सीन लगाने की घोषणा हो चुकी है। हालांकि, शहर में अभी जमीनी स्तर पर इसे लेकर कोई प्लान नहीं है, अधिकारी वीसी का इंतजार कर रहे है, संभावना है कि एक से दो दिन में वीसी हो जाएगी। अधिकारी ही प्लान बताएंगे, इसके मुताबिक वैक्सीनेशन किया जाएगा।

### टीकाकरण केंद्रों की संख्या नहीं बढ़ी तो होगी भीड़




### गुरुवार को 3 हजार लोगों को लगा टीका



वैक्सीन लगवाने वाले हर व्यक्ति के पास एक ही सवाल है कि केंद्रों पर भारी भीड़ होने वाली है। कारण युवा वर्ग की संख्या ज्यादा होना, साथ ही वैक्सीनेशन को लेकर जागरुकता ज्यादा होना है। अब तक शहर में 8 स्थाई और 6 अस्थाई एएनएम टीकाकरण कर रही है। सिर्फ एक सुपरवाइजर है, जो कि, सभी केंद्रों की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। 70 आशा कार्यकर्ता है। जिले में गुरुवार को 3 हजार लोगों को टीका लगा।

### 3 माह में 70 हजार को लगे थे टीके

इससे पहले 2019 में बच्चों को मिजल्स रूबेला के टीके लगाए थे। सिर्फ रतलाम शहर के 70 हजार बच्चों को टीका लगना था, सभी बच्चों को टीका लगाने में तीन महीने का समय लगा था, अधिकतर बच्चे स्कूल में ही मिल जाते हैं। अब इससे कहीं ज्यादा संख्या में टीका लगाया जाना है।

### वीसी के बाद ही कुछ बता पाएंगे

*वैक्सीनेशन को लेकर अभी आगे की प्लानिंग हमारे पास नहीं आई है। जल्द वीसी होना है, इसके बाद ही कुछ बता पाएंगे।*
वर्षा कुरील, जिला टीकाकरण अधिकारी, रतलाम

## समस्या : जवाहर नगर मुक्तिधाम में जगह नहीं, शेड के बाहर पांच शवों का अंतिम संस्कार किया



रतलाम | जवाहर नगर मुक्तिधाम में दाह संस्कार के लिए बनाए टिन शेड में अंदर स्थान नहीं होने से गुरुवार को पांच दाह संस्कार खुले में करना पड़े। टिन शेड में 8 शव के दाह संस्कार की व्यवस्था है। 3 परिवारजन अस्थि संचय करने नहीं आए। शेड में 5 शव का ही दाह संस्कार हो पाया। पांच शव और आ गए जिनका खुले में दाह संस्कार करना पड़ा। दाह संस्कार की क्रिया कराने वाले प्रेम मांडला ने बताया सुबह से लगातार दाह संस्कार के लिए लोग आ रहे हैं। ऐसी स्थिति में समय का अभाव रहा और बुधवार को किए दाह संस्कार में से 3 परिवार ने अस्थि संचय नहीं किया इस कारण बाहर अंतिम संस्कार की स्थिति बनी। 31 मार्च को भी ऐसी स्थिति बनी थी, तब तीन शवों का बाहर अंतिम संस्कार किया था।



## मुक्ति वाहन...

### ईश्वर करे इन नंबरों की किसी को जरूरत ना पड़े


रतलाम | कोरोना महामारी के बीच कोरोना के अलावा साधारण मृत्यु का ग्राफ भी बढ़ गया है। इस बीच मृतकों के शव को विश्रामघाटों तक पहुंचाने के लिए शहर में नगर निगम समेत विभिन्न संगठनों द्वारा मुक्ति वाहन चलाए जा रहे हैं। जो एक कॉल पर रवाना हो जाते हैं। निगम के साथ ही सभी संगठनों के ये मुक्ति वाहन निशुल्क है।

| संस्था का नाम | संपर्क नंबर |
|---|---|
| • नगर निगम शव वाहन | 07412-270563 |
| • सिंधी सेवा समिति | 9827577156 |
| • वाधेला जीव दया समिति | 9425104905<br>6262123458<br>6262627654 |

## मुख्यमंत्री ने ली कोरोना संक्रमण पर कैबिनेट की आपात बैठक, दिए निर्देश

# जिले से गांवों तक कोरोना कर्फ्यू का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन हो

### जहां प्रभावित की संख्या ज्यादा वहां किल कोरोना अभियान-2 चलाया जाएगा



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में कोरोना नियंत्रण एवं व्यवस्थाओं के संबंध में मंत्री-परिषद की वर्चुअल बैठक हुई।

भोपाल, (प्रसं)। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि संक्रमण की चेन को तोड़ने के लिए जिले से लेकर प्रत्येक गांव में 30 अप्रैल तक जनता कर्फ्यू का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। प्रभारी मंत्री इसके लिए सभी स्तरों पर आवश्यक वातावरण बनाएं।

मुख्यमंत्री श्री चौहान की अध्यक्षता में कोरोना संक्रमण पर आयोजित कैबिनेट की आपात बैठक में उक्त आशय के निर्णय लिए गए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने सीएम हाउस से बैठक को वर्चुअली संबोधित किया। अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य मोहम्मद सुलेमान ने कैबिनेट के सम्मुख प्रदेश में कोरोना की स्थिति के संबंध में प्रस्तुतीकरण दिया।

कैबिनेट ने निर्णय लिया कि जिन विकासखंडों में कोरोना संक्रमित व्यक्ति तथा सर्दी, जुकाम और खांसी से प्रभावित व्यक्तियों की संख्या अधिक है वहां किल कोरोना अभियान-2 चलाया जाएगा। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा स्वास्थ्य विभाग अमले के सहयोग से घर-घर सर्वे कर प्रभावित व्यक्तियों को चिन्हित किया जाएगा। ऐसे व्यक्तियों को मेडिकल किट उपलब्ध कराने, उपयुक्त जांच कराने और आवश्यकता होने पर उनके होम आइसोलेशन या कोविड केयर सेंटर में रखने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। गांवों में चौकीदारों को यह जिम्मेदारी सौंपी जाएगी कि वे सर्दी, जुकाम से प्रभावित व्यक्तियों की तत्काल सूचना दें।

### निजी चिकित्सक भी देंगे होम आइसोलेशन-मरीजों को चिकित्सा परामर्श

कैबिनेट की बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रतिष्ठित निजी चिकित्सकों की सलाह, मार्गदर्शन और काउंसलिंग होम आयसोलेशन में रह रहे मरीजों को मिल सके, इसकी व्यवस्था सभी जिलों में सुनिश्चित की जाएगी। इसके साथ ही होम आइसोलेशन में रह रहे व्यक्तियों को बेहतर कॉउंसलिंग और आवश्यक व्यवस्थाएं उपलब्ध कराने में जन-अभियान परिषद के माध्यम से कोरोना वॉलेंटियर्स का सहयोग लिया जाएगा। विकासखंड और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर कोविड केयर सेंटर की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ किया जाएगा। इन केंद्रों पर कुछ ऑक्सीजन बेड की व्यवस्था भी रहेगी। वर्तमान में 136 कोविड केयर सेंटर संचालित हैं। आवश्यकता होने पर इनमें वृद्धि की जाएगी। इन केंद्रों में आयुष के स्टॉफ को दायित्व सौंपा जाएगा। इनमें इलाज, देखभाल, सफाई और भोजन आदि की बेहतर व्यवस्था स्थापित की जाएगी, जिससे इन केंद्रों पर जनता का विश्वास बढ़े।

### सभी जिला अस्पतालों में होगी कोरोना उपचार की जरूरी व्यवस्थाएं

कैबिनेट द्वारा निर्णय लिया गया कि सभी जिला अस्पतालों में कोविड-19 के उपचार की आवश्यक व्यवस्थाएं की जाएंगी। बुरहानपुर, खंडवा, छिंदवाड़ा सहित अन्य जिन जिलों में कोरोना संक्रमितों की संख्या नियंत्रित हुई है, उन जिलों में हुए नवाचारों और वहां स्थापित की गई व्यवस्थाओं के संबंध में अन्य जिलों को जानकारी दी जाएगी, जिससे संबंधित जिले अपनी परिस्थितियों के अनुरूप तदनुसार व्यवस्थाएं स्थापित करें। कैबिनेट द्वारा निर्णय लिया गया कि रेमडेसिविर इंजेक्शन के उपयोग के संबंध में वरिष्ठ चिकित्सकों तथा विशेषज्ञों की सलाह से प्रोटोकॉल विकसित किया जाएगा। इसकी जिम्मेदारी चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग तथा लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी को सौंपी गई है।

### टीकाकरण अभियान को दी जाएगी गति


कैबिनेट ने निर्णय लिया कि प्रदेश में 18 साल से ऊपर के उम्र वालों को भी टीका लगाया जाएगा। प्रदेश में अधिक से अधिक व्यक्तियों का टीकाकरण सुनिश्चित करने के लिए अभियान को गति दी जाएगी। कैबिनेट द्वारा निर्णय लिया गया कि अस्पतालों में कोरोना सहायता केंद्र स्थापित किए जाएंगे। इन केन्द्रों पर सर्दी, खांसी, जुकाम के मरीजों को मेडिकल किट उपलब्ध कराने और इलाज के लिए सलाह दी जाएगी। हरिद्वार कुंभ से लौट रहे व्यक्तियों और अन्य राज्यों से आ रहे लोगों की जांच करने और ग्राम स्तर पर उन्हें क्वारंटाइन करने की उपयुक्त व्यवस्था स्थापित करने का भी निर्णय लिया गया।

### शुरू होगा काढ़ा वितरण कार्यक्रम

कैबिनेट ने निर्णय लिया कि कोरोना संक्रमण और उससे बचाव के संबंध में सही जानकारी उपलब्ध कराने और जन-जागरूकता के लिए पैम्फलेट विकसित कर वितरण कराया जाएगा। रोग-प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए काढ़ा वितरण कार्यक्रम तथा योग से निरोग कार्यक्रम आरंभ किया जाएगा। इसके साथ ही मीडिया में सकारात्मक, तथ्यपरक और सही जानकारी आए, इसके लिए जिला स्तर पर व्यवस्था स्थापित की जाएगी। कैबिनेट द्वारा निर्णय लिया गया कि कोरोना संक्रमण के विरुद्ध युद्ध में लगे डॉक्टर और पैरामेडिकल स्टाफ की समानांतर व्यवस्था विकसित करने के लिए पात्र व्यक्तियों के आवश्यक प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए जाएंगे। डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ के उत्साह को बनाए रखने के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित होंगे। कैबिनेट ने निर्णय लिया कि गांवों में कोरोना संक्रमण की संभावनाओं को कम करने के लिए पृथक उप स्वास्थ्य केंद्रों में डिलेवरी की व्यवस्था की जाएगी, इससे प्रसूताओं को संक्रमण की संभावना से बचाया जा सकेगा। कैबिनेट ने राशन दुकानदारों के टीकाकरण के लिए विशेष कार्यक्रम चलाने की संभावना पर विचार किया।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार दै. भास्कर --पृष्ठ 02 ...दिनांक 23/04/...2021

## समाधान : आरके नगर फीडर बनाने का काम 40 फीसदी पूरा, जल्द तैयार होगा नया फीडर



रतलाम | 14 किमी लंबे दीनदयालनगर फीडर को दो भागों में बांटने का काम गुरुवार से शुरू हुआ। इसे दो भागों में बांटकर आरके नगर नया फीडर बनाया जा रहा है। इसके तहत बिजली कंपनी ने नए पोल लगाए और बिजली के तार डाले। 40 फीसदी काम पूरा हो गया है। शेष काम भी जल्द पूरा होगा। यदि यह फीडर तैयार होता है तो 20 से ज्यादा कॉलोनियों के दस हजार लोगों को फायदा होगा और बिजली ट्रिपिंग की समस्या दूर हो जाएगी। कंपनी इस फीडर की लंबाई कम कर 7-7 किमी कर नया फीडर बना रही है। इसके लिए यह काम किया जा रहा है। इससे सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक आसपास के क्षेत्रों की बिजली बंद रही और लोग परेशान होते रहे।

## धोलावड़ फीडर पर दो घंटे बिजली बंद

रतलाम. नगर पालिका निगम द्वारा नए सीवरेज प्लांट का विद्युतीकरण का कार्य व मेंटेनेंस शुक्रवार को किया जाएगा। इसके चलते शुक्रवार को दोपहर 12 से 2 बजे 33 केवी धोलावाड़ फीडर का विद्युत प्रदाय बाधित होगा।

## नए सीवरेज प्लांट का विद्युतीकरण कार्य आज

रतलाम | नगर निगम द्वारा 23 अप्रैल को नए सीवरेज प्लांट का विद्युतीकरण का कार्य किया जाएगा। इससे दोपहर 12 से दो बजे तक 33 केवी धोलावड़ फीडर की बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी। इस दौरान मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा 33 केवी धोलावड़ फीडर पर मेंटेनेंस का कार्य भी किया जाएगा। कार्य के अनुसार समय कम या ज्यादा हो सकता है।

# प्रभारी मंत्री ने मुख्यमंत्री से ऑक्सीजन, रेमडेसिविर तथा दवाइयों की उपलब्धता को बढ़ाने का आग्रह किया

रतलाम ● स्वदेश समाचार

वित्त मंत्री एवं रतलाम जिला कोविड प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा ने कोविड मरीजों के उपचार के लिए रतलाम एवं मंदसौर जिलों में आवश्यक सुविधाओं में वृद्धि करने का आग्रह मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान से दूरभाष पर चर्चा कर किया है।



श्री देवड़ा ने आवश्यक दवाइयों, रेमडेसिविर इंजेक्शन तथा ऑक्सीजन की व्यवस्था में वृद्धि को लेकर मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि इन आवश्यकताओं की पूर्ति शीघ्र की जाए। उन्होंने कहा कि स्थानीय स्तर पर जनप्रतिनिधियों के सहयोग से ऑक्सीजन एवं अन्य आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं जिसके माध्यम से मरीजों को लाभ भी हो रहा है।

रतलाम नगरीय क्षेत्र में पर्याप्त सेनिटाइजिंग के लिए मंत्री श्री देवड़ा ने नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया को निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि नगर निगम द्वारा शहर में पर्याप्त साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। प्रतिदिन विभिन्न क्षेत्रों में सेनिटाइजिंग का कार्य किया जाए। जो क्षेत्र स्वास्थ्य की दृष्टि से अधिक संवेदनशील हैं उन क्षेत्रों में पर्याप्त सफाई व्यवस्था की जाए।

## मेडिकल कॉलेज पर अधिक दबाव है

श्री देवड़ा ने कहा कि यह संकट का समय है, रतलाम मेडिकल कॉलेज पर काफी दबाव है, यहां पर सभी व्यवस्थाएं की जा रही है किंतु मरीजों की अधिकता के कारण व्यवस्थाओं में निरंतर वृद्धि करना पड़ रही है। मुख्यमंत्री से चर्चा में श्री देवड़ा ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद भी ज्ञापित किया कि मुख्यमंत्री द्वारा रतलाम-मंदसौर जिलों के लिए हर संभव मेडिकल सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि ऑक्सीजन, रेमडेसिविर इंजेक्शन एवं आवश्यक दवाइयों की व्यवस्था को लेकर और अधिक उपाय किए जाए। श्री देवड़ा ने एसीएस हेल्थ मोहम्मद सुलेमान को दूरभाष पर निर्देशित भी किया कि रतलाम- मंदसौर जिलों के अस्पतालों के लिए कलेक्टर की मॉनिटरिंग में रेमडेसिविर इंजेक्शन की उपलब्धता सुनिश्चित की जाना है, इसके लिए प्राइवेट मेडिकल स्टोर्स द्वारा इंजेक्शन की जो मांग की गई है उसकी आपूर्ति शीघ्र की जाए, ताकि नागरिकों को इंजेक्शन के लिए परेशानी न हो। साथ ही कलेक्टर्स को भी निर्देशित किया है कि मेडिकल स्टोर्स में उपलब्धता पर अस्पतालों को रेमडेसिविर इंजेक्शन की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। स्वदेश 23/4/2021

### रतलाम मेडिकल कॉलेज

# प्रभारी मंत्री ने सीएम से मांगी ऑक्सीजन और दवाइयां

भास्कर संवाददाता | रतलाम

23-4-2021

जिले में गुरुवार को 203 लोगों ने कोरोना से जंग जीती। 20 लोग मेडिकल कॉलेज से डिस्चार्ज हुए, होम आइसोलेशन से 148 लोगों को डिस्चार्ज दिया। निजी अस्पताल से भी मरीज डिस्चार्ज हुए। इधर... कोरोना मरीजों को लेकर प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा गुरुवार को सक्रिय दिखे। उन्होंने मुख्यमंत्री से चर्चा की। ऑक्सीजन के साथ रेमडेसिविर इंजेक्शन, दवाइयों की व्यवस्था बढ़ाने का कहा।

जगदीश देवड़ा अभी पॉजिटिव हैं। उन्होंने फोन पर मुख्यमंत्री से कहा रतलाम मेडिकल कॉलेज पर काफी दबाव है। व्यवस्थाओं को निरंतर बढ़ाना पड़ रहा है। ऑक्सीजन, रेमडेसिविर व दवाइयों की व्यवस्था को लेकर ज्यादा उपाय किए जाएं।

### एसीएस हेल्थ से भी चर्चा, प्राइवेट मेडिकल स्टोर्स की मांग पूरी हो

एसीएस हेल्थ मोहम्मद सुलेमान से फोन पर चर्चा की। कलेक्टर की मॉनिटरिंग में रेमडेसिविर इंजेक्शन की उपलब्धता देने और प्राइवेट मेडिकल स्टोर्स की मांग पूरी करने का कहा। ताकि लोगों को परेशान ना होना पड़े।

**शहर में सफाई दुरुस्त हो :** रतलाम नगरीय क्षेत्र में पर्याप्त सैनिटाइजिंग के लिए मंत्री देवड़ा ने नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया को कहा। उन्होंने कहा नगर निगम द्वारा पर्याप्त साफ सफाई की व्यवस्था होना चाहिए। सैनिटाइजेशन का काम लगातार होना चाहिए। स्वास्थ्य के लिए संवेदनशील क्षेत्रों में पर्याप्त सफाई होना चाहिए।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार राज एक्सप्रेस –पृष्ठ 05 दिनांक 23/04/2021

# दो अस्थाई सफाई संरक्षक सेवा से बर्खास्त, दरोगा किशन भाटी निलंबित

**मोहसीन इब्राहीम वार्ड 6 के वार्ड प्रभारी नियुक्त**

रतलाम। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने निलंबित दरोगा मोहसीन इब्राहीम को जांच जारी रखते हुए निलंबन से बहाल कर वार्ड 6 का प्रभारी नियुक्त किया। इसके अलावा दरोगा किशन भाटी को लम्बे समय से अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित रहने व कारण बताओ सूचना-पत्र का उत्तर प्रस्तुत नहीं करने पर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार निलंबित किया गया। जुलवानिया में नियुक्त अस्थाई सफाई संरक्षक बलराम व विशाल डागर द्वारा दोपहर पश्चात बिना सूचना के अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाये जाने पर निगम आयुक्त श्री झारिया के निर्देशानुसार सेवा से बर्खास्त किया गया। 2 फ 23-4-21

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–दै. भास्कर–पृष्ठ 11 दिनांक 23/04/2021

# विकास संक्रमित

**सीवरेज :** मॉनिटरिंग एजेंसी के 7 में से 6 पॉजिटिव, उज्जैन से आए 4 इंजीनियर
**मिनी स्मार्ट सिटी :** 25 की जगह 12-13 मजदूर से हो रहा काम, रफ्तार धीमी
**सुभाष नगर ब्रिज :** लॉकडाउन के अगले दिन से काम बंद, पिलर अधूरे खड़े

### नगर निगम और सेतु विकास निगम ठेकेदारों की सहायता कर रही

भास्कर संवाददाता | रतलाम

23-4-2021

कोरोना की दूसरी लहर ने विकास कार्यों को संक्रमित कर दिया है। नतीजा, शहर में चल रहे तीनों प्रमुख प्रोजेक्ट के काम की रफ्तार या तो सुस्त हो गई या रुक गई है।


सुभाषनगर रेलवे फाटक पर बन रहे फ्लाईओवर का काम लॉकडाउन के अगले दिन से ही बंद है। मजदूर नहीं आए तो ठेकेदार के कर्मचारियों भी चले गए। पिलर और गड्ढे अधूरे पड़े हैं। सीवरेज सिस्टम की मॉनिटरिंग एजेंसी वेप्कोस के 7 में से 6 कर्मचारी पॉजिटिव हो गए हैं। काम जारी रखने के लिए उज्जैन से इंजीनियर बुलाने पड़े। मिनी स्मार्ट सिटी का काम बहुत धीमा हो गया है, क्योंकि जरूरत से सिर्फ आधे मजदूर काम पर आ रहे हैं। परेशान ठेकेदार, जिन्हें समय पर काम पूरा नहीं करने पर नोटिस या पेनॉल्टी लगने का डर सता रहा है। हालांकि मॉनिटरिंग कर रही नगर निगम और सेतु विकास निगम ठेकेदारों की हरसंभव सहायता कर रही है।

## सीवरेज सिस्टम : शहर में 5 जगह पर लाइन डल रही, दो जगह सड़कों की मरम्मत जारी


मानव सेवा समिति चौराहा पर सीवरेज लाइन डालने के लिए खुदाई करती जेसीबी।

बची हुई सीवरेज लाइन बिछाने के लिए पांच जगह खुदाई कर पाइप डाले जा रहे हैं। इनमें घास बाजार से चमारिया नाका, फल मंडी से फूल मंडी, यातायात थाने से दो बत्ती चौराहा, सैलाना रोड और शनि मंदिर गली से टैंकर रोड। तोपखाना चौराहा से चांदनी चौक सर्कल और आशीर्वाद नर्सिंग होम के पीछे लाइन डलने के बाद अब रीस्टोरेशन कर खुदी हुई सड़कों की मरम्मत (डामर व सीसी वर्क) की जा रही है। इसमें अड़ंगा तब आया था जब पिछले सप्ताह मॉनिटरिंग एजेंसी वेप्कोस कंपनी के स्टॉफ के 7 में से 6 लोग संक्रमित हो गए थे। दो दिन बाद उज्जैन से चार इंजीनियरों ने आकर मोर्चा संभाला। इसके बाद काम आगे बढ़ पाया। शहर में सिर्फ 3.2 किमी लाइन डलना बाकी है।

## मिनी स्मार्ट सिटी : महू रोड और ऊकाला रोड पर चल रहा काम


ऊकाला रोड पर एक तरफ की किनारे खुदी हुई पड़ी है।

मजदूर नहीं मिलने से मिनी स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट का ठेकेदार आधे दिन महू रोड और आधे दिन ऊकाला रोड पर काम करवा रहा है। ऊकाला रोड को फोरलेन इतना चौड़ा करने दूसरी तरफ की किनारे खुदाई कर बोल्डर व अन्य डालकर समतलीकरण किया जा रहा है। ठेकेदार बीटी रामचंद्र राव ने बताया मजदूरों की कमी के कारण दोनों साइट पर एक साथ काम कर रहे हैं। अगले सप्ताह से शास्त्रीनगर रोड का काम होने लगेगा। बदलाव के बाद इसे भी फोरलेन इतना लगभग 12 मीटर चौड़ा बनाया जाना है। इसके लिए किनारे फिर से खोदना पड़ेगी।


## सुभाषनगर फ्लाईओवर : फाटक के ऊपर स्लैब नहीं डाला


काम बंद होने के बाद सुभाष नगर फ्लाईओवर के अधूरे खड़े पिलर।

मजदूर नहीं आने से हाट की चौकी से कॉमर्स कॉलेज तक सुभाष नगर रेलवे फाटक पर बन रहे फ्लाईओवर का काम 10 तारीख से ही बंद है। रेलवे वाले हिस्से में अब तक स्लैब डल जाना थी, जो अब तक साइट पर पहुंच भी नहीं पाई है। लॉकडाउन के बाद यह काम शुरू भी हो जाए तो तेज नहीं हो पाएगा क्योंकि बिजली के लाइन शिफ्ट होने का रास्ता अब तक साफ नहीं हो पाया है। इसके लिए सेतु विकास निगम ने 1.2 करोड़ का प्रस्ताव भोपाल भेज रखा है। एसडीओ आरके गुप्ता ने बताया स्वीकृति मिलते ही टेंडर करके लाइन शिफ्टिंग का काम शुरू कर देंगे।

# मेडिकल कॉलेज से अब तक 7071 व्यक्ति घर लौटे

## स्वस्थ होकर पॉजिटिव होने वालों को दे रहे हैं मोटिवेशनल गाइडेंस




रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क

कोरोना संक्रमण को मात देकर शासकीय मेडिकल कॉलेज से अब तक 7071 व्यक्ति स्वस्थ होकर अपने घर लौट चुके हैं। कोरोना संक्रमित होने पर उनके मन में जो भय था उस पर उन्होंने जीत हासिल की और अपने आत्मविश्वास तथा मेडिकल कॉलेज में प्रदान की जा रही चिकित्सकीय सुविधाओं का लाभ लेते हुए सात हजार से अधिक व्यक्तियों ने अपने स्वस्थ जीवन में पुनः प्रवेश किया।

स्वास्थ्य विभाग की जानकारी के अनुसार बुधवार को मेडिकल कॉलेज से एक सौ इनकानवे कोरोना संक्रमित स्वस्थ होकर आइसोलेशन वार्ड से डिस्चार्ज हुए, और अब तक कुल सात हजार इकहत्तर लोग कोरोना को पराजित कर अपने घर लौट चुके हैं। बुधवार को आईसीयू में भर्ती नौ पेशेंट तथा एचडीयू में भर्ती पांच पेशेंट्स के स्वास्थ्य में सुधार होने पर इन्हें वार्ड में शिफ्ट किया गया।

संक्रमण से मुक्त होकर होने वाले व्यक्ति न सिर्फ अपने और अपने परिवार को कोविड के निर्देशों का पालन करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं बल्कि पॉजिटिव होने वाले अपने संबंधियों को मोटिवेशनल गाइडेंस भी दे रहे हैं। इससे लोगों में संक्रमण के कारण उत्पन्न भय कम हो रहा है और आत्मविश्वास का संचार हो रहा है।

### मरीजों को कर रहे मोटीवेट

मेडिकल कॉलेज में भी मोटिवेशनल स्पीच के माध्यम से भर्ती मरीजों को प्रेरित किया जा रहा है। संगीत एवं स्वस्थ संदेशों का भी प्रसारण यहां किया जा रहा है। इसके साथ ही मोटिवेशनल स्पीकर अपनी स्पीच के माध्यम से भर्ती मरीजों का हौसला बढ़ा रहे हैं। जीवन जीने की कला और स्वस्थ रहने के उपाय जैसे बिंदुओं पर महत्वपूर्ण चर्चा कर मरीजों को प्रेरित किया जा रहा है।

---

**नहीं मान रहे हैं दुकानदार**

# 10 दुकानदारों पर धारा 144 के उल्लंघन पर धारा 188 में केस

रतलाम. जिले में कोरोना कहर को थामने के लिए जिला प्रशासन ने पूरे जिले में लॉक डाउन लगाया गया है। दुकानें खोलने पर रोक लगाई हुई है। इसके बाद भी कतिपय दुकानदार कोरोना संक्रमण को रोकने की बजाय उसे फैलाने का काम कर रहे हैं। दुकानों को खोलने की मनाही होने के बाद भी दुकानदार थोड़े से लालच में दुकानें खोलकर ग्राहकों को धड़ल्ले से सामग्री का विक्रय कर रहे हैं। ऐसे ही 10 दुकानदारों पर माणकचौक पुलिस थाने में धारा 188 का प्रकरण दर्ज किया गया है। माणकचौक पुलिस थाने में ही अब तक डेढ़ दर्जन से ज्यादा दुकानदारों पर लॉक डाउन के उल्लंघन के प्रकरण दर्ज किए जा चुके हैं।

माणकचौक पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार माणक चौक थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रभात बर्तन के संचालक प्रदीप जैन व अजय जैन, चैतन्य पात्र भंडार के संचालक घनश्याम कसेरा, जगदीश चंद्र बर्तन की दुकान के संचालक कैलाश कसेरा, धनरतन साड़ी की दुकान के संचालक कमल धनराज मेहता, शिवाय फैशन कपड़े की दुकान संचालक हेमंत और मयंक सोनगरा, पी मॉल के संचालक पीयूष गुगालिया, महेंद्र एंड कंपनी किराना दुकान के संचालक विमल गेलड़ा, अंशुल ट्रेडर्स किराना दुकान के संचालक अंशुल दख, छाजेड़ एंड संस किराना दुकान के संचालक अमित जैन तथा विनायक बैंगल्स के संचालक मुकेश केथुनिया के खिलाफ ये केस दर्ज किए गए हैं। बीते दिनों नायब तहसीलदार नवीन गर्ग ने बाजार में भ्रमण के दौरान लॉक डाउन होने के बावजूद इन्हें दुकान खोलकर ग्राहकों भीड़ करते हुए पाया था। ये लोग बकायदा अपनी दुकानों से सामग्री विक्रय करते हुए रंगे हाथ पकड़े गए। पुलिस ने सभी 10 व्यापारियों के खिलाफ धारा 188 के तहत केस दर्ज कर लिया है।

---

# मेडिकल कॉलेज में सफाई व ऑक्सीजन सिलेंडर सप्लायी हेतु निगम ने किये कर्मचारी नियुक्त

रतलाम। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम गोपालचन्द्र डाड के निर्देशानुसार निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने सफाई व ऑक्सीजन सिलेण्डर सप्लाय हेतु कर्मचारियों की नियुक्ति की है। निगम आयुक्त ने मेडिकल कॉलेज के विभिन्न तलों के शौचालय व मूत्रालयों की सफाई हेतु 24 कर्मचारियों को नियुक्त किया इसी तरह मालवा ऑक्सीजन इन्टरप्राईजेस जावरा रोड से ऑक्सीजन सिलेण्डर लोडिंग वाहन में लोड करने एवं मेडिकल कॉलेज में अनलोड करने हेतु 6-6 घन्टे की शिफ्ट प्रातः 6 से दोपहर 12, दोपहर 12 से सायं 6, सायं 6 से रात्री 12 व रात्री 12 से प्रातः 6 बजे तक 6-6 कर्मचारियों की नियुक्ति की। 23-4-21

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार दै.भास्कर --पृष्ठ 08...दिनांक 23/04/...2021

**संक्रमण के खिलाफ नगर निगम की जंग** • शहर में पॉजिटिव मरीजों के घर पर पहुंचा रहे मेडिकल किट

# सैनिटाइजेशन व कीटनाशक का छिड़काव, मेडिकल कॉलेज की सफाई के साथ सिलेंडर की सप्लाई कर रहे

## निगम की टीम मालवा व महावीर ऑक्सीजन से सिलेंडर पहुंचा रही

भास्कर संवाददाता | रतलाम

23-4-2021

लगातार बढ़ रहे कोरोना संक्रमण के खिलाफ नगर निगम ने जंग तेज कर दी है। सोडियम हाईपोक्लोराइड का छिड़काव कर सैनिटाइजेशन के साथ गुरुवार से निगम ने कीटनाशक का छिड़काव भी शुरू कर दिया है।

इसके अलावा होम आइसोलेट मरीजों को मेडिसिन - किट की होम डिलीवरी के साथ मेडिकल कॉलेज की सफाई और ऑक्सीजन सिलेंडर की सप्लाई में कर्मचारी सतत लगे हैं। इन सब की मॉनिटरिंग कलेक्टर और प्रशासक गोपालचंद्र डाड के निर्देश पर आयुक्त सोमनाथ झारिया कर रहे हैं, जिससे कि शहरवासियों को महामारी के इस दौर में राहत रहे।



शहीद चौक पर कीटनाशक छिड़कती फॉगिंग मशीन।

### जानें संक्रमण काल में क्या-क्या कर रहा निगम

- **शव परिवहन और मुक्तिधाम** - मुक्तिधामों के इंतजामों में आवश्यक सहायता के लिए आयुक्त ने वार्ड 1 से 25 तक के लिए उद्यान पर्यवेक्षक धर्मेंद्र दोगाया तथा वार्ड 26 से 49 तक के लिए अनिल पारा को नियुक्त किया है। इसके अलावा शवों के परिवहन की पर्याप्त वाहन व्यवस्था के लिए उपयंत्री मनीष तिवारी को जिम्मेदारी दी है।
- **बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंध** - कंटेनमेंट जोन, क्वारंटीन केंद्र, श्मशान घाट व कब्रिस्तान से निकलने वाले बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंध का निपटान एमपीपीसीबी द्वारा अनुबंधित एजेंसी से करवाने की जिम्मेदारी स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, स्वच्छता निरीक्षक जय उपाध्याय, तरुण राठौड़ को दी।
- **कंटेनमेंट क्षेत्र सैनिटाइजेशन** - कोविड मरीजों के घ और कंटेनमेंट क्षेत्र को स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह सैनिटाइज्ड करवाएंगे। उनकी सहायता के लिए नरेंद्र छपरी के साथ दल बनाया है।
- **सफाई और सिलेंडर सप्लाई** - मेडिकल कॉलेज के सभी तलों के मुत्रालय व शौचालय की सफाई गुरुवार से नगर निगम ने शुरू कर दी है। परिसर में भी कर्मचारी ही सफाई करेंगे। इसके अलावा निगम के कर्मचारियों की टीम ही मालवा और महावीर ऑक्सीजन प्लांट से सिलेंडर पहुंचा रही है।
- **मेडिसिन किट की होम डिलीवरी** - गुरुवार को 89 होम आइसोलेट मरीजों तक निगम के दल ने मेडिसिन किट पहुंचाई। ई-दक्ष केंद्र से स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह ने 109 किट लेकर अग्निशमन विभाग को दी। वहां से वार्ड वार दल को देकर मरीजों को होम डिलीवरी करवाई। 89 में से 7 मरीज उपचार के लिए भर्ती मिले, 4 के पते गलत पाए गए। एक मरीज ने फोन नहीं उठाया, तो एक नगरीय क्षेत्र से बाहर का था।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार– दै.भास्कर –पृष्ठ 16 दिनांक 23/04/2021

# रतलाम में पहली बार 235 पॉजिटिव, 4 ने तोड़ा दम

भास्कर संवाददाता | रतलाम

23-4-2021

हमारे जिले में कोरोना संक्रमित मरीजों के मिलने का आंकड़ा रोज नए रिकॉर्ड बना रहा है। गुरुवार को पहली बार एकसाथ 235 लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव मिली। 4 लोगों ने दम तोड़ दिया।

जिले में अप्रैल में तीसरी बार आंकड़ा 200 के पार हो गया है। इससे पहले 17 अप्रैल को 206 और 19 अप्रैल को 217 पॉजिटिव मिले थे। एक दिन पहले संक्रमितों की संख्या 145 तक आ गई थी, इससे संख्या कम होने के आसार थे, लेकिन गुरुवार को फिर बढ़े आंकड़े ने सभी को चौंका दिया है। संक्रमितों में 4 साल और 5 साल के बच्चे भी शामिल है। हालांकि, 203 लोग ठीक हुए हैं, जो सुकून देने वाली बात है।

**38 साल की महिला ने भी दम तोड़ा-** जिले में गुरुवार को चार मौत के मामले सामने आए हैं, इसमें राजेंद्रनगर निवासी 65 साल की महिला, श्रीमालीवास निवासी 86 साल की महिला, कोमल नगर निवासी 82 साल के पुरुष व सैलाना निवासी 38 साल की महिला शामिल हैं। जिले में अब तक 156 लोग कोरोना से दम तोड़ चुके हैं। अप्रैल में ही 64 मौत हो चुकी है। इधर, नीमच जिले में कोरोना का आंकड़ा एक बार फिर शतक पार पहुंच गया। गुरुवार को आई रिपोर्ट में 115 नए पॉजिटिव आए हैं। यहां पॉजिटिव का आंकड़ा 5043 तक पहुंच गया है।

# 235 नए मरीज, चार की मौत

**रतलाम।** कोरोना के एक दिन में मिलने वाले मरीजों की संख्या अप्रैल माह में नए रिकार्ड बना रही है। संक्रमण तेजी से फैल रहा है। गुरुवार को को 235 नए मरीज मिलने के बाद कुल मरीजों की संख्या 8639 हो गई है।

इसी तरह चार मौत हुई और 202 मरीज स्वस्थ भी हुए। अब तक 156 मौत हो चुकी है। स्वस्थ होने वालों की संख्या 7273 है। एक्टिव मरीज 1210 हैं। अहमदाबाद लैब से 1327 व मेडिकल कालेज से 70 सैंपलों की रिपोर्ट आना बाकी है। गुरुवार को जिन मरीजों की मौत हुई उसमें राजेंद्र नगर की 65 वर्षीय महिला, श्रीमाली वास की 86 वर्षीय वृद्धा, कोमल नगर निवासी 82 वर्षीय पुरुष व सैलाना निवासी 38 वर्षीय युवक शामिल है।

### अप्रैल में तीसरी बार 200 पार मरीज

| तारीख | मरीज मिले | स्वस्थ हुए | मौत | एक्टिव मरीज |
|---|---|---|---|---|
| 17 अप्रैल | 206 | 197 | 03 | 1102 |
| 18 अप्रैल | 171 | 095 | 04 | 1174 |
| 19 अप्रैल | 217 | 131 | 04 | 1256 |
| 20 अप्रैल | 163 | 184 | 04 | 1231 |
| 21 अप्रैल | 135 | 191 | 04 | 1181 |
| 22 अप्रैल | 235 | 202 | 04 | 1209 |

### उपचार सुविधाओं को लेकर प्रभारी मंत्री देवड़ा ने मुख्यमंत्री से की चर्चा

# ऑक्सीजन, रेमडेसिविर, दवाइयों की उपलब्धता बढ़ाने की मांग की

रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क 23-4-2021

प्रदेश के वित्त मंत्री एवं रतलाम जिला कोविड प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा ने कोविड-पेशेंट के उपचार के लिए रतलाम एवं मंदसौर जिलो में आवश्यक सुविधाओं में वृद्धि करने का आग्रह मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से दूरभाष पर चर्चा कर किया है। उन्होंने आवश्यक दवाइयों, रेमडेसीविर इंजेक्शन तथा ऑक्सीजन की व्यवस्था में वृद्धि को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से निवेदन किया है कि इन आवश्यकताओं की पूर्ति शीघ्र की जाए। उन्होंने कहा कि स्थानीय स्तर पर जनप्रतिनिधियों के सहयोग से ऑक्सीजन एवं अन्य आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं जिसके माध्यम से मरीजों को लाभ भी हो रहा है।

श्री देवड़ा ने कहा कि यह संकट का समय है। रतलाम मेडिकल कॉलेज पर काफी दबाव है। यहां पर सभी व्यवस्थाएं की जा रही है किंतु मरीजों की अधिकता के कारण व्यवस्थाओं में निरंतर वृद्धि करना पड़ रही है। मुख्यमंत्री से चर्चा में श्री देवड़ा ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद भी ज्ञापित किया कि मुख्यमंत्री द्वारा रतलाम मंदसौर जिलों के लिए हर संभव मेडिकल सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं उन्होंने मुख्यमंत्रीजी से आग्रह किया कि ऑक्सीजन, रेमडीसिविर इंजेक्शन एवं आवश्यक दवाइयों की व्यवस्था को लेकर और अधिक उपाय किए जाए।

## अस्पतालों में इंजेक्शन की आपूर्ति पूरी की जाए

श्री देवड़ा ने एसीएस हेल्थ मोहम्मद सुलेमान को दूरभाष पर निर्देशित भी किया कि रतलाम- मंदसौर जिलों के अस्पतालों के लिए कलेक्टर की मानीटरिंग में रेमडीसिविर इंजेक्शन की उपलब्धता सुनिश्चित की जाना है, इसके लिए प्राइवेट मेडिकल स्टोर्स द्वारा इंजेक्शन की जो मांग की गई है उसकी आपूर्ति शीघ्र की जाए ,ताकि नागरिकों को इंजेक्शन के लिए परेशानी न हो। साथ ही कलेक्टर्स को भी निर्देशित किया है कि मेडिकल- स्टोर्स में उपलब्धता पर अस्पतालों को रेमदेसीविर इंजेक्शन की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। रतलाम नगरीय क्षेत्र में पर्याप्त सैनिटाइजिंग के लिए मंत्री श्री देवड़ा ने नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया को निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि नगर निगम द्वारा शहर में पर्याप्त साफ सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। प्रतिदिन विभिन्न क्षेत्रों में सैनिटाइजिंग का कार्य किया जाए।

# होम आइसोलेट मरीजों को किया जा रहा है मेडिसिन किट का वितरण

रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क 23-4-2021

कोरोना संक्रमण में होम आइसोलेट मरीजों को मेडिसिन किट एवं स्वास्थ्य विभाग के निर्देशों के प्रति की होम डिलीवरी की जा रही है। शासन के निर्देशानुसार नगर निगम रतलाम द्वारा रतलाम शहर में होम आइसोलेट मरीजों को यह सामग्री प्रदान की जा रही है। निगमायुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि ई दक्ष केंद्र से होम आइसोलेट मरीजों की सूची प्राप्त कर स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी.सिंह के निर्देशन में यह कार्य किया जा रहा है। इसके लिए नगर निगम द्वारा वार्ड वार दलों का गठन किया गया है। यह गठित दल होम आइसोलेट मरीजों को घर-घर जाकर मेडिकल किट का वितरण कर रहे हैं। इसी प्रकार नगर निगम द्वारा ऑक्सीजन सिलेंडर मालवा ऑक्सीजन इंटरप्राइजेस से लोडिंग वाहन में लोड कर दें एवं मेडिकल कॉलेज रतलाम में लोड करने के लिए 26 कर्मचारियों की विभिन्न पारियों में ड्यूटी लगाई गई है। मेडिकल कॉलेज रतलाम में सुविधा घरों की साफ-सफाई के लिए भी नगर निगम के 24 कर्मचारियों को नियुक्त कर यह कार्य शीघ्रता से किया जा रहा है।



## होम आइसोलेट मरीजों को किया जा रहा है मेडिसिन किट वितरण

नव भारत 23-4-21

रतलाम। कोरोना संक्रमण में होम आइसोलेट मरीजों को मेडिसिन किट एवं स्वास्थ्य विभाग के निर्देशों के प्रति की होम डिलीवरी की जा रही है। शासन के निर्देशानुसार नगर निगम रतलाम द्वारा रतलाम शहर में होम आइसोलेट मरीजों को यह सामग्री प्रदान की जा रही है। निगमायुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि ई दक्ष केंद्र से होम आइसोलेट मरीजों की सूची प्राप्त कर स्वास्थ्य अधिकारी ए. पी. सिंह के निर्देशन में यह कार्य किया जा रहा है। इसके लिए नगर निगम द्वारा वार्ड वार दलों का गठन किया गया है। यह गठित दल होम आइसोलेट मरीजों को घर-घर जाकर मेडिकल किट का वितरण कर रहे हैं। इसी प्रकार नगर निगम द्वारा ऑक्सीजन सिलेंडर मालवा ऑक्सीजन इंटरप्राइजेस से लोडिंग वाहन में लोड कर दें एवं मेडिकल कॉलेज रतलाम में लोड करने के लिए 26 कर्मचारियों की विभिन्न पारियों में ड्यूटी लगाई गई है। मेडिकल कॉलेज रतलाम में सुविधा घरों की साफ-सफाई के लिए भी नगर निगम के 24 कर्मचारियों को नियुक्त कर यह कार्य शीघ्रता से किया जा रहा है।

# एक दिन राहत...फिर 235 संक्रमित, 4 की मौत

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com 23-4-2021

रतलाम. मेडिकल कॉलेज से गुरुवार रात आई कोरोना जांच रिपोर्ट में रिकॉर्ड 235 नए पॉजिटिव मरीज सामने आए हैं। आज से पहले कभी इतने मरीज एक साथ नहीं मिले हैं। इसके अतिरिक्त 4 लोगों की मौत का भी खुलासा हुआ है। लगातार बढ़ती मरीजों की संख्या के बाद अब जिले में कोरोना मरीजों का आंकड़ा 8639 के पार पहुंच गया है। इसके साथ ही मौत का आंकड़ा भी 156 पर आ गया है। दरअसल बीते कुछ दिनों से लगातार हर दिन 4 मरीजों के द्वारा उपचार के दौरान दम तोड़ने की बात सामने आ रही है।


जिले में जिस गति से कोरोना के मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है, उसके मान से मेडिकल कॉलेज में उपचार के लिए बेड नहीं बढ़ पा रहे हैं जिस कारण से मरीजों को इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। लगातार बढ़ती मरीजों की संख्या को देख अब जाकर स्टाफ बढ़ाने की जोर आजमाइश चलने के साथ ही अस्पताल में बेड बढ़ाने की तैयारियां शुरू हो गई है। यदि इसी गति से मरीजों की संख्या बढ़ती रही तो अस्पताल में बेड रखने तक की जगह नहीं बचेगी। यही कारण है कि लोगों को अपने आप को इस बीमारी से बचा कर रखना होगा वरना हालात और भयावह हो सकते हैं।

इधर, रतलाम मेडिकल कॉलेज में ऑक्सीजन और जरूरी दवाओं की मांग की जल्द आपूर्ति को लेकर प्रदेश के वित्त मंत्री एवं रतलाम जिला कोविड प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा ने मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान को पत्र लिखा है। इसमें विशेष तौर पर रतलाम एवं मंदसौर जिले में आवश्यक सुविधाओं में वृद्धि करने की मांग मंत्री देवड़ा ने की। सीएम से फोन पर चर्चा में आवश्यक दवाइयों, रेमडेसिविर इंजेक्शन तथा ऑक्सीजन की व्यवस्था में वृद्धि करने का निवेदन करते हुए कहा कि है कि इन आवश्यकताओं की पूर्ति शीघ्र की जाए।

मंत्री देवड़ा ने कहा कि स्थानीय स्तर पर जनप्रतिनिधियों के सहयोग से ऑक्सीजन एवं अन्य आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं जिसके माध्यम से मरीजों को लाभ भी हो रहा है। यह संकट का समय है। रतलाम मेडिकल कॉलेज पर काफी दबाव है। यहां पर सभी व्यवस्थाएं की जा रही है किंतु मरीजों की अधिकता के कारण व्यवस्थाओं में निरंतर वृद्धि करना पड़ रही है। देवड़ा ने अब तक व्यवस्थाओं को लेकर मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि ऑक्सीजन, रेमडेसिविर इंजेक्शन एवं आवश्यक दवाइयों की व्यवस्था को लेकर और अधिक उपाय किए जाए। मंत्री देवड़ा ने एसीएस हेल्थ मोहम्मद सुलेमान को फोन पर निर्देशित किया कि रतलाम-मंदसौर जिलों के अस्पतालों के लिए कलेक्टर की मॉनिटरिंग में रेमडेसिविर इंजेक्शन की उपलब्धता सुनिश्चित की जाना है, इसके लिए प्राइवेट मेडिकल स्टोर्स द्वारा इंजेक्शन की जो मांग की गई है उसकी आपूर्ति शीघ्र की जाए, ताकि लोगों को इंजेक्शन के लिए परेशानी न हो। साथ ही कलेक्टर्स को भी निर्देशित किया है कि मेडिकल स्टोर्स में उपलब्धता पर अस्पतालों को रेमडेसिविर इंजेक्शन की उपलब्धता सुनिश्चित

## नगरीय क्षेत्र में सैनेटाइजेशन पर जोर

रतलाम नगरीय क्षेत्र में पर्याप्त सैनिटाइजिंग के लिए मंत्री देवड़ा ने नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया को निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि नगर निगम द्वारा शहर में पर्याप्त साफ सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। प्रतिदिन विभिन्न क्षेत्रों में सैनिटाइजिंग का कार्य किया जाए जो क्षेत्र स्वास्थ्य की दृष्टि से अधिक संवेदनशील है, उन क्षेत्रों में पर्याप्त सफाई व्यवस्था की जाए।



## होम आइसोलेट मरीजों बांट रहे मेडिसिन किट



कोरोना के दौर में होम आइसोलेट मरीजों को मेडिसिन किट वितरण के साथ ही स्वास्थ्य विभाग के निर्देशों की प्रति होम डिलीवरी की जा रही है। शासन के निर्देश पर नगर निगम रतलाम द्वारा रतलाम शहर में होम आइसोलेट मरीजों को यह सामग्री प्रदान की जा रही है। निगमायुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि ई दक्ष केंद्र से होम आइसोलेट मरीजों की सूची प्राप्त कर स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह के निर्देशन में यह कार्य किया जा रहा है। इसके लिए नगर निगम द्वारा वार्ड वार दलों का गठन किया गया है।

निगम द्वारा गठित दल होम आइसोलेट मरीजों को घर-घर जाकर मेडिकल किट का वितरण कर रहे हैं। इसी प्रकार नगर निगम द्वारा ऑक्सीजन सिलेंडर मालवा ऑक्सीजन इंटरप्राइजेस से लोडिंग वाहन में लोड करने और मेडिकल कॉलेज रतलाम में लोड करने के लिए 26 कर्मचारियों की विभिन्न पारियों में ड्यूटी लगाई गई है। मेडिकल कॉलेज रतलाम में सुविधा घरों की साफ-सफाई के लिए भी नगर निगम के 24 कर्मचारियों को नियुक्त कर यह कार्य शीघ्रता से किया जा रहा है।

## आज से बैंकों का समय 10 से 2 बजे

रतलाम. कोरोना संक्रमण के बढ़ने के बाद उपजे हालात को देखते हुए बैंकों के समय में शुक्रवार से बदलाव हो रहा है। राज्य स्तरीय बैंकर्स कमेटी एसएलबीसी ने इस बदलाव की अधिकृत घोषणा की है। यह बदलाव शहर के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्र में चल रही बैंक में भी लागू होगा। राज्य स्तरीय बैंकर्स कमेटी एसएलबीसी की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से हुई बैठक में यह अहम निर्णय लिया गया है। रतलाम सहित प्रदेश भर के बैंकों का समय सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक ही रहेगा। मतलब कोरोना काल के दौरान रोजाना महज 4 घंटे के लिए ही लोगों को बैंकिंग सुविधाएं मुहैया हो सकेगी। यह आदेश 22 अप्रैल से लागू होगा और 15 मई तक प्रभावी रहेगा। कोरोना वायरस के अलर्ट को देखते हुए सरकारी के साथ साथ प्राइवेट सेक्टर बैंकों ने भी अपना टाइमटेबल बदल दिया है। नया टाइमटेबल शुक्रवार से लागू किया जा रहा है।

उपभोक्ताओं को जरूरी सुविधा या सर्विस मिलेगी। नगद जमा, नगद निकासी, चैक क्लियरिंग, राशि को दूसरे खाते में भेजना, सरकारी ट्रांजेक्शन इन जरूरी कार्य में शामिल है।

**- केके गौर,** महामंत्री, ग्रामीण बैंक एसोसिएशन

## कोरोना को मात देकर 20 लोग घर पहुंचे

रतलाम. मेडिकल कॉलेज के कोविड हास्पिटल रतलाम में कोरोना संक्रमण के चलते उपचार के लिए पहुंचे 20 मरीज गुरुवार को स्वस्थ होकर घर लौटे। मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि स्वस्थ हुए मरीज कुशल है और उन्होंने मेडिकल कॉलेज की चिकित्सकीय व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया है। अतिरिक्त स्वास्थ्य में सुधार होने पर 3 मरीजों को आईसीयू से वार्ड में शिफ्ट किया गया। इसी प्रकार 8 मरीज जो आइसोलेशन वार्ड में थे, स्वास्थ्य में भी सुधार हुआ है। रिकवर होने पर उनकी ऑक्सीजन हटाई गई है। बिना ऑक्सीजन के 95 प्रतिशत सैचुरेशन के ऊपर मेंटेन कर रहे हैं।

## जिले के सात केन्द्रों पर होगा टीकाकरण

रतलाम. जिले में शुक्रवार को 7 केन्द्रों पर कोविड का टीकाकरण किया जाएगा। जिले के बाल चिकित्सालय रतलाम पर 45 वर्ष से अधिक आयु के कोई भी व्यक्ति जन्म दिनांक दर्शाने वाली आई डी लेकर सीधे टीकाकरण करवा सकेंगे। पुराना कलेक्टोरेट परिसर में जिन फ्रंटलाईन वर्कर्स ने कोवैक्सीन का पहला टीका लगवा लिया है, उनको चार सप्ताह के अंतराल पर कोवैक्सीन का दूसरा डोज लगाया जाएगा। प्रायवेट अस्पताल श्रद्धा हॉस्पिटल, आरोग्यम हॉस्पिटल, गीतादेवी हास्पिटल, साई श्री अस्पताल, जैन दिवाकर अस्पताल में कोविड का टीकाकरण सशुल्क कराया जा सकेगा।

**ऑक्सीजन अनमोल** • मरीजों को गेट से मना कर रहे, कहीं डॉक्टर खुद एक-एक सिलेंडर की जुगाड़ में लगे, मेडिकल कॉलेज में सिर्फ गंभीर मरीज का ही इलाज

# एक ही जवाब... बेड नहीं है, 90 से कम ऑक्सीजन लेवल वाले मरीज को लेकर भटक रहे परिजन, गैस खत्म होने के डर से रोने लग जाते हैं परिजन

भास्कर संवाददाता | रतलाम

23-4-2021

हमारे शहर में एक-एक ऑक्सीजन बेड को लेकर मशक्कत चल रही है। आलम ऐसा है कि सभी अस्पतालों में मरीजों को एक ही जवाब सुनने को मिल रहा है कि... सर, बेड नहीं है। 90 से कम ऑक्सीजन लेवल वाले मरीज भी एक अस्पताल से दूसरे अस्पताल में भटकने को मजबूर है। जो ऑक्सीजन है, उसके खत्म होने का तनाव भी डॉक्टरों को ऐसा रहता है, कि डर में वे रोने लग जाते हैं। शुक्र है अब तक हमारे शहर में बड़ी घटना सामने नहीं आई है। इधर, मेडिकल कॉलेज के ट्राइज में सीधे मरीज पहुंचकर बेड के लिए गुहार लगा रहे है। पढ़ें... अस्पतालों के हालत पर यह रिपोर्ट...

## मेडिकल कॉलेज : सीधे पहुंचे लोग बोल रहे साहब... कुछ भी करो लेकिन एक बेड दे दो, यहां ऑक्सीजन बेड एक भी नहीं



**कुल बेड** - 548
**स्थिति** - सभी ऑक्सीजन बेड फुल।
**ऑक्सीजन की जरूरत** - 10 केएल
**मिल रही है** - 8-10 केएल
**स्टाक** - 450 सिलेंडर

**स्थिति** - मेडिकल कॉलेज रतलाम के साथ ही मंदसौर, नीमच, झाबुआ, धार, उज्जैन के मरीजों का भी सहारा है। लेकिन, अब कॉलेज भी फुल हो चुका है। ऑक्सीजन के 146 बेड है, एक भी बेड खाली नहीं है। गुरुवार को ट्राइज एरिया में एक मरीज के परिजन पहुंचे, वे मरीज को भर्ती करवाना चाह रहे थे, परिजन अड़े रहे, मरीज को ट्राइज एरिया में ही रखा गया। अस्पताल में 10 केएल का सिलेंडर है, 48 घंटे में 8 से 10 केएल ऑक्सीजन लग रही है। मरीजों को सीटी स्कैन के लिए ले जाने के लिए एम्बुलेंस तक नहीं मिली।


## पंडित डॉ. शिवशक्तिलाल शर्मा, आयुष अस्पताल : एक भी बेड नहीं है, 18 मरीजों की वेटिंग है यहां पर



**कुल बेड** - 100
**स्थिति** - सभी फुल
**ऑक्सीजन चाहिए** - 150
**मिल रही** - 70-75 सिलेंडर
**स्टाक** - 00 सिलेंडर

**स्थिति** - अस्पताल में बेड को लेकर मशक्कत है। गुरुवार को अस्पताल में एक भी बेड नहीं था। अस्पताल के संचालक डॉ. राजेश शर्मा ने बताया 18 मरीजों की वेटिंग है, जो लगातार फोन पर बेड की इंक्वायरी ले रहे हैं। ऑक्सीजन जरूरत के मुताबिक आधी ही मिल रही है। तनाव बहुत ज्यादा है। इस तनाव में कई बार डॉक्टर और स्टाफ सदस्य रोने तक लगते हैं। कल सुबह हमारा डॉक्टर बाइक पर एक सिलेंडर लेकर आया है, ऐसा कई बार हो रहा है। कोई भी मरीज ऐसा नहीं आता, जिसका सेचुरेशन 90 से ज्यादा हो।

## सीएचएल हॉस्पिटल : दिनभर में 30-40 इन्क्वायरी, सबको ना कहना पड़ रहा



**कुल बेड** - 16
**स्थिति** - सभी फुल
**ऑक्सीजन चाहिए**- 70
**मिल रही** - 50 सिलेंडर
**स्टॉक** - 00

**स्थिति** - बाहर से अस्पताल सामान्य लग रहा है, लेकिन, यहां नए मरीजों की एंट्री बंद है। कर्मचारी बताते हैं कि कई मरीज सीधे अस्पताल में पहुंच रहे है, उन्हें मना किया जा रहा है। क्योंकि, बेड नहीं है। दिनभर में 40 से ज्यादा कॉल बेड की इंक्वायरी के लिए आ रहे हैं। मना करना पड़ रहा है। अस्पताल में कुल 50 बेड है, कोविड के अलावा भी मरीज भर्ती है।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार दै. भास्कर --पृष्ठ 03 दिनांक 23/04/2021

## मुक्तिधाम, शव वाहनों पर निगम कर्मचारियों की ड्यूटी

रतलाम। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने शहर में स्वंय सेवी संस्थाओं के माध्यम से संचालित मुक्तिधाम, कब्रिस्तान या अन्य अंतिम संस्कार स्थलों पर व्यवस्थाओं को लेकर कर्मचारी तैनात किए हैं। वार्ड क्रमांक 1 से 25 तक उद्यान पर्यवेक्षक धर्मेन्द्र दोगाया व 26 से 49 तक अनिल पारा उद्यान पर्यवेक्षक को नियुक्त किया है।

शवों के परिवहन के लिए पर्याप्त वाहनों की व्यवस्था में मनीष तिवारी उपयंत्री को नियुक्त किया है। कंटेनमेंट जोन, क्वारंटाइन केंद्र एवं श्मशान घाट/कब्रस्तान से निकलने वाले बायोमेडिकल वेस्ट को नियमानुसार निपटारा एमपीपीसीबी द्वारा अनुबंधित एजेंसी से करवाने के लिए स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, जय उपाध्याय व तरुण राठौड़ उप स्वच्छता निरीक्षक को नियुक्त किया। कोविड मरीजों के घरों और कंटेनमेंट क्षेत्र को नियमित सैनिटाइज करने के लिए स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, नरेंद्र छपरी तथा संपूर्ण गठित दल को नियुक्त किया है। सभी अधिकारी एवं कर्मचारी कार्यपालन यंत्री जीके जायसवाल के निर्देशन में कार्य करेंगे।

एक्सट्रेशन आटोमैटिक हो जाता है। कोविड की टेस्ट प्रक्रिया में सबसे अधिक समय इसी भाग में लगता है।

मालूम हो कि मेडिकल कालेज में रतलाम सहित मंदसौर, नीमच से भी सैंपल आ रहे हैं। पेंडिंग अधिक होने के कारण प्रतिदिन करीब 1000 सैंपल की जांच अहमदाबाद में निजी लैब से आउटसोर्सिंग से कराई जा रही है। अभी प्रतिदिन औसतन 1400 से 1500 सैंपलों की जांच पेंडिंग रहती है। रिपोर्ट में देरी के कारण मरीज का उपचार समय पर शुरू नहीं हो पाता वहीं संक्रमण फैलने का डर भी बना रहता है।

**मरीजों का आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए कर रहे संवाद**

मेडिकल कालेज में भी मोटिवेशनल स्पीच के माध्यम से भर्ती मरीजों को प्रेरित किया जा रहा है। संगीत एवं स्वस्थ्य संदेशों का भी प्रसारण वहां किया जा रहा है। इसके साथ ही मोटिवेशनल स्पीकर द्वारा जीवन जीने की कला और स्वस्थ रहने के उपाय जैसे बिंदुओं पर महत्वपूर्ण चर्चा कर मरीजों को प्रेरित किया जा रहा है।

**होम आईसोलेशन में 89 मरीजा को बांटी मेडिसिन किट**

कोरोना संक्रमित होम आइसोलेशन के मरीजो को मेडिसिन किट व स्वास्थ्य विभाग के निर्देशों की प्रति नगर निगम अमले द्वारा घर जाकर दी जा रही है। गुरुवार को ई-दक्ष केंद्र से होम आइसोलेशन के मरीजों की सूची स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह ने प्राप्त कर जिला अस्पताल के स्टोर से 103 मेडिसिन किट वार्ड वार गठित दलों को वितरण के लिए उपलब्ध कराई। सूची अनुसार 89 मरीजों को मेडिकल किट का वितरण घर पर किया गया। सात मरीज उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती हैं जबकि चार मरीजों के पते गलत पाए गए, एक ने काल रिसीव नहीं किया तथा एक मरीज नगरीय सीमा क्षेत्र के बाहर से होना पाया गया।

रतलाम में लाकडाउन के दौरान आवाजाही करते हुए नागरिक। • नईदुनिया



शासकीय मेडिकल कालेज परिसर में टेंट की छांव में बैठे मरीजों के स्वजन। • नईदुनिया

**गुरुवार को 3000 लोगों ने लगवाया टीका**

रतलाम। जिले में गुरुवार को कोविड-19 टीकाकरण सत्रों का 94 स्थानों पर कुल 3000 लोगों ने टीका लगवाया। बाल चिकित्सालय में 390, अलकापुरी कम्युनिटी हाल में 218, सिविल अस्पताल जावरा में 238, जैन कश्यप सभागृह में 129, कम्युनिटी हाल जवाहर नगर में 100 हितग्राहियों को टीके लगाए गए।

**गुरुवार को 203 मरीजों ने जीती कोरोना की जंग**

रतलाम। कोरोना से संक्रमित जिले के 203 मरीज गुरुवार को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किए गए। मेडिकल कालेज से 20 मरीजों को डिस्चार्ज किया गया। इसी प्रकार होम आइसोलेशन से 148, रतलाम स्थित शर्मा हास्पिटल से पांच, रेलवे हास्पिटल से छह, सीएचएल अस्पताल से चार व्यक्तियों को तथा अन्य सेंटर से 20 व्यक्तियों को डिस्चार्ज किया गया।

कोरोना संक्रमण को मात देकर शासकीय मेडिकल कालेज से अब तक 7071 मरीज स्वस्थ होकर अपने घर लौट चुके हैं। शासकीय मेडिकल कालेज से गुरुवार सुबह 20 मरीज स्वस्थ होकर घर लौटे। मेडिकल कालेज के डीन डा. जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि स्वस्थ हुए मरीजों ने व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया है।

डा गुप्ता ने बताया कि आज स्वास्थ्य में सुधार होने पर तीन मरीजों को आइसीयू से वार्ड में शिफ्ट किया गया। इसी प्रकार आठ मरीज जो आइसोलेशन वार्ड में थे, उनके स्वास्थ्य में भी सुधार हुआ है। रिकवर होने पर उनकी आक्सीजन हटाई गई है। बिना आक्सीजन के 95 प्रतिशत सैचुरेशन के ऊपर मेंटेन कर रहे हैं। अन्य मरीजों के स्वास्थ्य में भी निरंतर सुधार हो रहा है। संक्रमण से मुक्त होकर होने वाले व्यक्ति न सिर्फ अपने और अपने परिवार को कोविड के निर्देशों का पालन करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं बल्कि पाजिटिव होने वाले अपने संबंधियों को मोटिवेशनल गाइडेंस भी दे रहे हैं।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार– पत्रिका ––––पृष्ठ 01 ....दिनांक 23/04/ 2021

बैठक करके बनाई योजना

# अब सिंगल युज प्लास्टिक को खत्म करेगा नगर निगम

## अब होगा जागरण प्रचार

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com 23-4-2021

रतलाम. स्वच्छता सर्वेक्षण 2021 के अंतर्गत शहर में कई तरह के नवाचार करने वाली नगर निगम ने 50 माईक्रो से कम मानक वाले प्लास्टिक के खिलाफ अब तक मोर्चा खोला हुआ है। अब इससे एक कदम आगे बढ़कर सिंगल युज प्लास्टिक के खिलाफ नगर निगम अभियान चलाएगा। इसके लिए गुरुवार को बैठक करके कार्ययोजना बनाई गई है।

नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि कमजोर मानक का प्लास्टिक उपयोग के बाद अनुपयोगी हो जाता है। इसके बाद इसको शहरवासी फेक देते हैं। कभी नाली में तो कभी मवेशी के पेट में इस प्रकार का प्लास्टिक जाकर जानलेवा होता है। इसके अलावा नाली में जाने के बाद स्वच्छता अभियान को नुकसान देता है। इसलिए 50 माईक्रो से कम प्लास्टिक को प्रतिबंध किया था। अब इससे एक कदम आगे बढ़कर सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए आमजन को शुरुआती चरण में जागरुक किया जाएगा व इस प्रकार के प्लास्टिक की बिक्री करने वालों के यहां पर दल जाकर कार्रवाई करेगा। बैठक में आयुक्त सोमनाथ झारिया, सिटी इंजीनियर जीके जायसवाल, स्वास्थ्य विभाग प्रभारी एपीसिंह सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

पत्रिका
विस्तृत खबरों और फोटोग्राफ्स के लिए देखें... patrika.com

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार– पत्रिका ––––पृष्ठ 01 ....दिनांक 23/04/ 2021